पाक्षिक



खबर आस पास RNI REGISTERED

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : बुधवार 07 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

जयपुर में पंचायत चुनाव की वोटिंग का दिन बदला

पहले तीन चरण में होने वाली वोटिंग अब एक दिन पहले होगी; जानिए नया शेड्यूल



जयपुर कासं। राज्य निर्वाचन आयोग ने आज एक आदेश जारी कर जयपुर समेत प्रदेश के तमाम जिलों में हो रहे पंचायत चुनावों की वोटिंग शेड्यूल में बदलाव किया है। धनतेरस पर्व को देखते हुए वोटिंग शेड्यूल में बदलाव कर पहले निर्धारित तारीख से एक दिन पहले वोटिंग करवाने का फैसला किया है। तीन फेज तक के चुनाव में ये बदलाव किया गया है, जबकि चौथे फेज का चुनाव निर्धारित समय पर ही होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग से जारी नए शेड्यूल के मुताबिक पहले फेज की जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए वोटिंग अब 23 अक्टूबर के बजाए 22 अक्टूबर को होगी, जबकि वार्ड पंच और सरपंच के लिए वोटिंग 25 अक्टूबर के बजाए 24 अक्टूबर को करवाई जाएगी।

इसी तरह दूसरे फेज की जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए वोटिंग 29 अक्टूबर के बजाए 28 अक्टूबर को होगी, जबकि वार्ड पंच और सरपंच के लिए वोटिंग 31 अक्टूबर के बजाए 30 अक्टूबर को करवाई जाएगी। इसी तरह तीसरे फेज की जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए वोटिंग 4 नवंबर के बजाए 3 नवंबर को होगी, जबकि वार्ड पंच और सरपंच के लिए वोटिंग 6 नवंबर के बजाए 5 नवंबर को करवाई जाएगी।

सामान्य है जिला प्रमुख का पद

इस बार जयपुर में जिला प्रमुख का पद अनारक्षित (सामान्य) है यानी यहां किसी भी जाति, समुदाय का कोई भी व्यक्ति दावेदारी कर सकता है। इसके अलावा 57 वार्डों में से 28 वार्ड SC, ST और OBC वर्ग के लिए आरक्षित है, जबकि 29 वार्ड अनारक्षित, जिस पर किसी भी वर्ग का व्यक्ति चुनाव लड़ सकेगा।

बीसीसीआई मीटिंग के बाद हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी

उनकी अगुआई में भारत ने पहली बार महिला वर्ल्ड कप जीता; स्मृति बन सकती हैं अगली कप्तान





नई दिल्ली एजेन्सी। हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। यह फैसला एक दिन पहले गुवाहाटी में हुई BCCI की मीटिंग के बाद आया है।

बैठक में हरमनप्रीत, उपकप्तान स्मृति मंधाना और कोच अमोल मजूमदार शामिल हुए थे। टीम के भविष्य और कप्तानी को लेकर भी चर्चा हुई। हरमनप्रीत के बाद स्मृति मंधाना को अगला कप्तान बनाया जा सकता है।

37 साल की हरमनप्रीत के नाम कई रिकॉर्ड हैं। इनमें बतौर कप्तान भारत को पहला महिला वर्ल्ड कप जिताना शामिल है। उनकी कप्तानी में टीम ने 2012, 2016, 2022 और 2026 एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया। 2012 एशिया कप में हरमनप्रीत ने सिर्फ फाइनल में कप्तानी की थी। बाकी मैचों में मिताली राज ने टीम की कमान संभाली थी। हरमनप्रीत ने लिखा,

आज मैं सभी फॉर्मेट में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ रही हूं। यह आसान फैसला नहीं है। इसमें सालों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे पल जुड़े हैं, जो जिंदगीभर मेरे साथ रहेंगे।

हरमनप्रीत कौर के रिकॉर्ड, उपलब्धियां और सम्मान

भारत ने 2025 में पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप जीता। हरमनप्रीत वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला कप्तान बनीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2017 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नाबाद 171 रन की पारी खेली। यह महिला वर्ल्ड कप की यादगार पारियों में शामिल है।

2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ T20 इंटरनेशनल में शतक लगाया। ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं।

हरमनप्रीत 200 इंटरनेशनल टी-20 मैच खेलने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर हैं।

फरवरी 2026 में महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 382 मैच खेले हैं।

150 ञ्च20ढ्ढ में कप्तानी करने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर। सितंबर 2026 में रिकॉर्ड बनाया।

2017 में उन्हें क्रिकेट के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

2026 में देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

लगातार 2 बार एशियन गेम्स के गोल्ड जीते

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स में लगातार दो गोल्ड मेडल जीते हैं। भारत ने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में श्रीलंका को हराकर पहला गोल्ड जीता था। इसके बाद 2026 नागोया एशियन गेम्स में भी टीम ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

आमेर महल में 12 दिन के लिए हाथी सवारी बंद:

शारदीय नवरात्रा मेले को देखते लिया फैसला; महल खुला रहेगा

जयपुर कासं। जयपुर के आमेर महल परिसर में हाथी सवारी पर रोक लगा दी गई है। नवरात्र के दौरान शिलामाता मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने और जलेब चौक सहित आमेर महल परिसर में मेले की व्यवस्थाओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। राजकीय संग्रहालय एवं महल आमेर के अधीक्षक के जारी आदेश के अनुसार 10 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2026 तक हाथी सवारी का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा।

12 दिन नहीं होगी हाथी सवारी

राजकीय संग्रहालय एवं महल आमेर अधीक्षक राकेश छोलक की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट है कि 10 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक हाथी सवारी का संचालन पूर्णतः बंद रहेगा। यानी नवरात्र मेले की अवधि में आमेर आने वाले पर्यटकों को हाथी सवारी की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। आमेर महल में हाथी सवारी टूरिस्ट के आकर्षण का प्रमुख हिस्सा रही है। आमतौर पर बड़ी संख्या में पर्यटक हाथी पर सवार होकर आमेर महल तक पहुंचने के अनुभव का आनंद लेते हैं।

नवरात्र मेले में आने वाली भीड़ को देखते लिया फैसला

आमेर महल परिसर स्थित शिलामाता मंदिर में शारदीय नवरात्र के दौरान विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं। जलेब चौक और आमेर महल परिसर में भी इस दौरान भक्तों और टूरिस्टों की आवाजाही बढ़ जाती है।

सड़क पर खड़े ट्रेलर में घुसी कार, 7 की मौत

इतनी तेज टक्कर कि ट्रेलर के भी पहिए टूटकर अलग हो गए, गुजरात का मामला

भावनगर एजेन्सी। गुजरात के भावनगर-सोमनाथ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा शिव शक्ति होटल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो एसयूवी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे जा टकराई।

बोलेरो में अलंग शिपयार्ड के 7 कर्मचारी सवार थे। सभी काम के सिलसिले में भावनगर से अलंग शिपयार्ड जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि भारी-भरकम ट्रेलर तक के अगले पहिए टूटकर अलग हो गए थे। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान विजयभाई चंदुभाई वोरा, पीयूषभाई बिपिनचंद्र शाह, प्रितेशभाई बिपिनचंद्र भयाणी, भार्गवभाई गोसाई, हिरेनभाई मेहता और योगेशभाई शाह और जयेशभाई हिम्मतभाई वसानी के रूप में हुई है।

गुजरात के भावनगर-सोमनाथ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा शिव शक्ति होटल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो एसयूवी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे जा टकराई।

बोलेरो में अलंग शिपयार्ड के 7 कर्मचारी सवार थे। सभी काम के सिलसिले में भावनगर से अलंग शिपयार्ड जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि भारी-भरकम ट्रेलर तक के अगले पहिए टूटकर अलग हो गए थे। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान विजयभाई चंदुभाई वोरा, पीयूषभाई बिपिनचंद्र शाह, प्रितेशभाई बिपिनचंद्र भयाणी, भार्गवभाई गोसाई, हिरेनभाई मेहता और योगेशभाई शाह और जयेशभाई हिम्मतभाई वसानी के रूप में हुई है।

सीएम भजनलाल बोले- सरकारी नौकरी के पीछे नहीं भागें

रोजगार देने वाले बनें; पिछली सरकार में पेपर लीक होते थे, हमनें 415 परीक्षाएं करवाई

जयपुर कासं। सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को युवाओं के लिए कहा है कि सरकारी नौकरी के पीछे ही नहीं भागें, बल्कि अपने कौशल और प्रतिभा के दम पर रोजगार देने वाले बनें। सरकार युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में भी काम कर रही है।

सीएम जयपुर के सिरसी रोड स्थित अलंकार महिला पीजी कॉलेज में 51वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का समापन समारोह में बोल रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा- पिछली सरकार के समय पेपर लीक की घटनाएं होती थीं, जबकि उनकी सरकार के करीब ढाई साल के कार्यकाल में 415 परीक्षाएं आयोजित हुई हैं। एक भी पेपर लीक नहीं हुआ।

उन्होंने कहा- योग राजस्थान ही नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति और अनमोल धरोहर है। आज छोटे बच्चे और युवा योग को केवल अभ्यास के तौर पर नहीं, बल्कि प्रतियोगिता के रूप में भी अपना रहे हैं। जयपुर में 3 से 6 अक्टूबर तक 51वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिसमें देशभर से खिलाड़ी पहुंचे।



योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का काम करता

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- योग और प्राणायाम आज करोड़ों लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं। योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का काम करता है। योग को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। 21 जून को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है और योग अब भारत की सीमाओं से निकलकर विश्व को जोड़ने का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि कर्म की कुशलता ही वास्तविक योग है। जीवन में योग को अपनाने से शरीर स्वस्थ और मजबूत रहता है, तनाव कम होता है और सकारात्मकता बढ़ती है।

मुख्यमंत्री ने बच्चों की एकाग्रता, अनुशासन और योग के प्रति उनकी रुचि की भी सराहना की।

बोले- युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं का मुद्दा उठाते हुए पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में अब तक 415 परीक्षाएं कराई जा चुकी हैं। इनमें एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हाल के एक कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री 410 परीक्षाएं बिना पेपर लीक कराने का दावा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने युवाओं को कौशल विकास और नई भाषाएं सीखने के लिए भी प्रेरित किया। जयपुर में पांच विदेशी भाषाएं सीखने के सेंटर शुरू किए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ युवाओं को अपनी क्षमताएं बढ़ानी होंगी। समारोह में सांसद राव राजेंद्र सिंह, भाजपा नेता लालचंद कटारिया, राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल और भाजपा जयपुर देहात जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता मौजूद रहे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

'सोनिया गांधी नागरिक बाद में, पहले मतदाता बन गईं'

मदन राठौड़ बोले- उस समय एसआईआर होता तो वह वोटर नहीं होतीं, यही वोट चोरी है

जयपुर कासं। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोनिया गांधी के भारत की नागरिकता और मतदाता बनने को लेकर सवाल उठाया। राठौड़ ने दावा किया कि सोनिया गांधी भारत की नागरिक बनने से पहले ही मतदाता बन गई थीं और कहा कि उस समय स्क्रूक्र होता तो वह मतदाता नहीं होतीं। उन्होंने इसे 'वोट चोरी' बताते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। मंगलवार को बीजेपी मुख्यालय में मदन राठौड़ ने देश में चुनाव आयोग और स्क्रूक्र को लेकर चल रहे विपक्ष के प्रदर्शन को लेकर पलटवार करते हुए ये बयान दिया है।

राजीव गांधी से शादी के बाद देश की नागरिक बनीं सोनिया

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि यानि सोनिया गांधी मतदाता पहले बन गई और देश की नागरिक बाद में बनीं, इसे ही वोट चोरी कहते हैं। स्क्रूक्रमें इसी का शुद्धिकरण हो रहा है। मदन राठौड़ ने कहा कि उस समय स्क्रूक्र होता तो वह वोटर नहीं होती। क्योंकि वो पहले कैसे मतदाता बन सकती हैं, जबकि वो देश की नागरिक ही नहीं थीं।

इस देश का वंशज देश का नागरिक होगा : मदन राठौड़ ने कहा कि मैं सोचता हूं कि विपक्ष गलत रास्ता चुन रहा है, देश में गलत धारणा पैदा करना चाहता है। हम सबको एक बात सोचनी चाहिए कि देश में कौन मतदाता रहे, जिसकी जड़े इस देश से हो। जिसके दादा,परदादा पिता इस देश के नागरिक हो, उसको मताधिकार का अधिकार मिलना चाहिए या फिर जो व्यक्ति बाहर से इस देश में फायदा लेने आया है। व्यापार और कामकाज करने आया है। उसको मताधिकार का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले यह तो तय करें कि मतदाता कौन होगा। जिसकी जड़े देश में हैं, जो देश को अपनी मातृभूमि, पितृभूमि और पुण्य भूमि समझता है। जो देश का वंशज है, मैं वंशज शब्द प्रयोग कर रहा हूं, क्योंकि जो देश का वंशज है, उसी को वोट देने का अधिकार होना चाहिए।

राहुल बोले- ज्ञानेश कुमार ने वोट चोरी में मदद की: प्रियंका के साथ 3 घंटे से धरना; पुलिस ने चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष का मार्च रोका



नई दिल्ली एजेन्सी। राहुल और प्रियंका गांधी तीन घंटे से ज्यादा समय से दिल्ली के आकाशवाणी कैंपस में धरने पर बैठे हैं। वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 19 विपक्षी पार्टियों के सेव डेमोक्रेसी मार्च में शामिल थे।

संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस जा रहे मार्च को पुलिस ने रोका, राहुल-प्रियंका को हिरासत में लेकर बस में बैठाया, तो वे उतरकर आकाशवाणी परिसर में पेड़ के नीचे बैठ गए। राहुल ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने वोट चोरी में भाजपा की मदद की।

आकाशवाणी से आयोग का ऑफिस 270 मीटर दूर है और राहुल वहां तक जाने देने की मांग कर रहे हैं। चुनाव आयोग के खिलाफ दिल्ली और मुंबई में पिछले पांच दिनों में सातवां प्रदर्शन है।

राहुल बोले- 300 सांसदों को ज्ञानेश कुमार से मिलने से रोका

राहुल गांधी ने कहा- 300 लोकसभा और राज्यसभा के सांसद आए थे। हम चाहते थे ज्ञानेश कुमार और उनके दो चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते थे। पुलिस ने हमें रोका। चुनाव आयोग से 50 गज दूर बैठाकर रखा है हमें जाने नहीं दे रहे हैं। 300 सांसद ज्ञानेश कुमार से मिलना चाहते हैं। ज्ञानेश कुमार डरे हुए हैं। अगर जनप्रतिनिधियों से चुनाव आयोग नहीं मिलेगा तो लोकतंत्र का क्या मतलब है। सवाल पूछने पर राहुल ने नाराजगी जताई और कहा कि क्या मैं आपको भाजपा का कार्यकर्ता लगता हूं। भाजपा जो बोले मुझे उसमें कोई इंटरेस्ट नहीं है। मैं लोकतंत्र बचाने यहां खड़ा हूं। अमित शाह, नरेंद्र मोदी, ज्ञानेश कुमार और मोहन भागवत ने देश के लोकतंत्र को खत्म कर दिया है। देश के युवा ये बात जानते हैं। चुनाव को मोदी-शाह ने हाइजैक किया है और ज्ञानेश कुमार ने उनकी मदद की है। यहां पुलिस वाले भी यही कर रहे हैं। इनमें से कोई भी बचकर नहीं जाएगा। जो इन्होंने देश के साथ किया है, वह

अमेरिकी सैनिक को गोली मारकर मौत की सजा दी जाएगी

65 साल में पहला ऐसा मामला; धार्मिक नारा लगाकर 13 लोगों को मार दिया था



नई दिल्ली एजेन्सी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व अमेरिकी सैनिक निदाल हसन को गोली मारकर मौत की सजा देने का आदेश दिया है। पेंटागन ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

अगर हसन की सजा लागू होती है तो वह 1961 के बाद अमेरिकी सैन्य न्याय व्यवस्था के तहत मौत की सजा पाने वाला पहला व्यक्ति होगा। सैन्य व्यवस्था में आखिरी बार प्राइवेट जॉन ए. बेनेट को मौत की सजा दी गई थी।

हसन ने 2009 में टेक्सास के सैन्य अड्डे पर धार्मिक नारा लगाते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी।

हमले के बाद माना- जिहाद के लिए किया

5 नवंबर 2009 को सेना के मनोचिकित्सक मेजर निदाल हसन निजी पिस्तौल लेकर फोर्ट हुड सैन्य अड्डे पहुंचा और सैनिकों व अन्य लोगों पर अचानक गोलीबारी कर दी। यह अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हुई सबसे घातक सामूहिक गोलीबारी थी। उस समय अमेरिका अफगानिस्तान और इराक में युद्ध लड़ रहा था। हसन ने बाद में कहा कि वह इन युद्धों को गैरकानूनी और अनैतिक मानता था और जिहाद के लिए हमला किया था।

गोलीबारी में हसन भी घायल हुआ और कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गया। सैन्य अदालत में उसने हत्याओं की बात स्वीकार की। 2013 में उसे पहले से हत्या की योजना बनाने और हत्या की कोशिश के कुल 45 मामलों में दोषी ठहराया गया।

हसन ने हमले पर कोई पछतावा नहीं जताया। सैन्य मानसिक स्वास्थ्य पैनल के सामने उसने कहा कि वह चाहता था कि हमले में उसकी भी मौत हो जाती, ताकि वह शहीद बन सके। उसका यह तक कहा कि मौत की सजा मिलने पर भी वह खुद को शहीद मानेगा।

एक दिवसीय सुक्ष्म शिक्षण (माइक्रो टीचिंग) विषय पर कार्यशाला का आयोजन

बीकानेर (खबर आस पास)। स्टरलाइट एड इंडिया फाउंडेशन द्वारा आज श्री जैन महिला महाविद्यालय आज सेवा-पूर्व शिक्षकों (बीएड) की क्षमता वर्धन एवं भविष्य में निपुण शिक्षकों के रूप में नींव तैयार करने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का किया गया है। इस पहल का उद्देश्य सेवा-पूर्व शिक्षकों में सूक्ष्म शिक्षण विद्या के माध्यम शिक्षण विद्या को नवाचार, रचनात्मकता तथा स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग से अधिक प्रभावी बनाना रहा। इसी क्रम में श्री जैन आदर्श कन्या शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नोखा बीकानेर के प्रधानाचार्य श्री डॉ राजेंद्र श्री माली द्वारा हमारे संवाद दाता को बताया गया कि स्टरलाइट एड इंडिया फाउंडेशन द्वारा विगत दो सेवा पूर्व शिक्षकों के साथ सूक्ष्म शिक्षण विद्या एक अभिनव प्रयास है जिसके माध्यम से क्षमता वर्धन कार्यशाला की दिशा मे यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सेवा-पूर्व शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया की नवाचारी शिक्षण दृष्टिकोण विकसित करने तथा राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। आयोजन को सफल बनाने ने स्टरलाइट ऑर्गनेशन बीकानेर संभाग प्रभारी प्रताप सिंह राठौड़ एवं तरुण चौधरी ,मोहित चौहान का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ आर के श्रीमाली जी ने स्टरलाइट एड इंडिया फाउंडेशन को शिक्षा में नवाचारों को किस प्रकार उपयोग हो विषय पर किए जा रहे प्रयासो की सराहना करते अपने महत्वपूर्ण विचार प्रकट किए। आपके द्वारा संस्थान द्वारा विगत दो वर्षों में दिए गए अपार सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

पैरा पिकलबॉल के फर्स्ट नेशनल ट्रायल में एसएमएस दिव्याग सेवा संस्था के 6खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

बीकानेर (खबर आस पास)। नीमकाथाना में डॉ. आरव चौधरी एवं इंटरनेशनल खिलाड़ी सोनिया चौधरी के निर्देशन में राजस्थान पैरा पिकलबॉल के फर्स्ट नेशनल ट्रायल आयोजित हुए। इसमें एसएमएस दिव्यांग सेवा संस्था, बीकानेर के 6खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान संस्था के 4 खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल जीतकर सोना तेली द्रौपदी परताराम चेतन ने बेंगलुरु में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन हासिल किया। संस्था अध्यक्ष मंजू गुलगुलिया ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्था लगातार दिव्यांग खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है।

उपभोक्ता हितों की सुरक्षा हेतु विभाग सख्त, बीकानेर जिले में इंडस्ट्रीज पर डिब्बा बंद वस्तुओं पर औचक निरीक्षण अभियान

जांच में 4 प्रतिष्ठानों पर विभिन्न अनियमिताएं पाए जाने पर 50 हज़ार रुपये का जुर्माना

बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)। विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 तथा राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 के तहत बीकानेर जिले में औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध व्यापक औचक निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत गठित विभागीय जांच दल विधिक माप विज्ञान अधिकारी दीपक पूनिया के नेतृत्व में जिला बीकानेर में कुल 4 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री हरि फूड्स बीछवाल , स्टैंडर्ड टी एजेंसी जेएनवी कॉलोनी, मोहन जी पंसारी हर्बल प्रोडक्ट्स रानी बाजार एवं धीरेंद्र फूड प्रोडक्ट्स पर असत्यापित बाट व कांटे , पैकर रजिस्ट्रेशन न पाया जाना एवं आवश्यक घोषणाओं की कमी पाए जाने कर विभिन्न अनियमिताएं पर कुल 50000 रुपयों का जुर्माना लगाया गया। उपभोक्ताओं को सही नाप तौल , सही ब्लॉक एवं ह्वश्च यूनिट सेल मूल्य तथा मैन्युफैचरर पैकर एड्रेस की सूचना देना सभी प्रतिष्ठानों की जिम्मेदारी होती है। आगामी दिनों में सम्पूर्ण राजस्थान में औद्योगिक इकाइयों पर डिब्बा बंद वस्तुओं पर नियमित जांच जारी रहेगी तथा दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करना तथा आमजन को सही माप-तौल के साथ गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित कराना है।जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध होगी।

समाज कल्याण सप्ताह के तहत नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता के लिए जन चेतना दिवस आयोजित

विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ, विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का हुआ आयोजन

बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)। समाज कल्याण सप्ताह-2026 के तहत मंगलवार को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जन चेतना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा शिव प्रताप बजाज महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, उदयरामसर में विद्यार्थियों के समक्ष नशे के दुष्प्रभावों से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मनोज कुमार गहलोत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी इनायत हुसैन, नशा मुक्ति केन्द्र की काउंसलर रेखा सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

इसी क्रम में जिला नशा मुक्ति केन्द्र, वल्लभ गार्डन में केन्द्र में प्रवेशित व्यक्तियों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा नशे से मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र, दांतोर द्वारा भी आमजन के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नशे के विरुद्ध जनजागरूकता का संदेश दिया गया। केन्द्र में प्रवेशित व्यक्तियों की काउंसलिंग कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया।

इसी क्रम में विभाग के राजकीय छात्रावासों में भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता के संबंध में पोस्टर प्रतियोगिता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान तथा नशा मुक्त समाज के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक मनोज कुमार गहलोत ने बताया कि कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना रहा।

पर्यावरणीय जागरूकता समय की मांग : कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई

27 एवं 28 नवंबर को राजकीय डूंगर महाविद्यालय में होगा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ICMRESRT-2026 के आधिकारिक ब्रोशर का हुआ विमोचन

बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्रताप सभागार में 'पर्यावरण स्थिरता एवं विकिरण विष विज्ञान में बहुविषयक अनुसंधान' विषय पर आयोजित होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ICMRESRT-2026 के आधिकारिक ब्रोशर का विमोचन समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया।महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए सम्मेलन के ब्रोशर का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरणीय जागरूकता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से 'प्रकृति के प्रति दयालु बनें' की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया।

प्रो.बिश्नोई ने कहा कि पर्यावरण संतुलन तथा विकिरण के प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन मानव जीवन और प्रकृति दोनों के संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने राजकीय डूंगर महाविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा इंडियन सोसाइटी फॉर रेडिएशन बायोलॉजी (ISRB) के सहयोग से यह दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 27 एवं 28 नवंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का मूल ध्येय वाक्य 'प्रकृति के प्रति दयालु बनें' (Be Kind to Mother Nature) रखा गया है।

कार्यक्रम के आयोजक एवं राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) आर. के. पुरोहित ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा विकिरण विष विज्ञान से जुड़े महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषयों पर वैश्विक स्तर के शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों को एक साझा मंच उपलब्ध करवाना है।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बीकानेर की विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थाओं के प्रमुखों सहित शहर की गणमान्य हस्तियां, संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रो. ममता शर्मा ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया। अंत में आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया तथा शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया।

अवैध खनन की रोकथाम एवं सिटी गैस वितरण की निगरानी को लेकर बैठक आयोजित

बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)। अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध निर्गमन की रोकथाम, पाइपलाइन द्वारा सिटी गैस वितरण के विकास एवं निगरानी तथा खनिज विकास एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निगरानी समितियों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रीना छींपा ने जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध निर्गमन पर प्रभावी अंकुश लगाने, खनन गतिविधियों की नियमित निगरानी तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को अवैध खनन की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खनन क्षेत्रों में पर्यावरणीय मानकों की पालना सुनिश्चित करने तथा खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित एवं नियमानुसार उपयोग पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने खनन, पुलिस एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के तहत निर्धारित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पाइपलाइन द्वारा सिटी गैस वितरण व्यवस्था के विकास एवं विस्तार से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को आवश्यक समन्वय के साथ कार्य करने तथा गैस वितरण व्यवस्था से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप करने को कहा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल पांडे, खनि अभियंता महेश प्रकाश पुरोहित, जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

चारे के संकट को लेकर बैद के पत्र पर हरकत में आया पशुपालन विभाग, प्रमुख सचिव ने वीसी से अधिकारियों को दिए निर्देश

बीकानेर (खबर आस पास)। राजस्थान में फसलीय स्थिति एवं वर्षा की अनिश्चितता के चलते संभावित चारा संकट को लेकर भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के मानद प्रतिनिधि श्रेयांस बैद द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र के बाद पशुपालन विभाग हरकत में आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रमुख सचिव, पशुपालन विभाग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैद ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में आवश्यकता वाले क्षेत्रों में अकाल राहत/रियायती चारा डिपो स्थापित करने, पंजीकृत गौशालाओं को रियायती दर पर पर्याप्त चारा उपलब्ध कराने तथा चारा उपलब्धता वाले क्षेत्रों से कमी वाले क्षेत्रों तक चारे के परिवहन एवं वितरण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की थी।

पत्र में कृषि उपज मंडियों में चारा एवं गौवंश कल्याण के लिए वसूल की जा रही उपकर/शुल्क राशि का पारदर्शी संधारण कर उसका उपयोग गौशालाओं को रियायती चारा उपलब्ध कराने, निराश्रित गौवंश के संरक्षण तथा चारा भंडारण व्यवस्था को मजबूत करने में किए जाने की मांग भी उठाई गई।

नगरपालिका एवं स्थानीय निकायों की भूमिका तय करने, गौशालाओं में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा वर्षा जल संचयन के लिए सरकारी बजट से जल-संरक्षण संरचनाएं विकसित करने का सुझाव भी पत्र में दिया गया।

बैद ने कहा कि समय रहते चारा-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई तो वर्षा एवं फसल की स्थिति का सीधा प्रभाव पशुधन और गौशालाओं पर पड़ सकता है। ऐसे में प्रशासन को संकट आने से पहले तैयारी करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री को पत्र भेजे जाने के बाद विभागीय स्तर पर हुई त्वरित कार्रवाई को पशुधन संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रमुख सचिव द्वारा अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के बाद अब चारा डिपो, चारा परिवहन, गौशालाओं की आवश्यकताओं एवं जल व्यवस्था को लेकर जिला स्तर पर कार्रवाई की उम्मीद है।

त्योहारी सीज़न विदेश घूमने का सपना होगा पूरा: आईआरसीटीसी ले चलेगा थाईलैंड

जयपुर से सीधी उड़ान से बैंकॉक-पटाया की सैर; सिर्फ 25 सीटें उपलब्ध



जयपुर (खबर आस पास)। इस बार दशहरा- दीपावली की छुट्टियां सिर्फ घर पर नहीं, विदेश में भी मनाई जा सकती हैं। आईआरसीटीसी का जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय पर्यटकों के लिए विशेष अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज 'एक्ज़ॉटिक थाईलैंड एक्स जयपुर' लेकर आया है। इस पैकेज के तहत यात्रियों को जयपुर से सीधे थाईलैंड की यात्रा कराई जाएगी। टिकट, होटल, भोजन, घूमना-फिरना, गाइड और बीमा सहित यात्रा से जुड़ी प्रमुख सुविधाएं एक ही पैकेज में शामिल हैं। यात्रियों को अलग-अलग बुकिंग की झंझट नहीं होगी और पूरी यात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं आईआरसीटीसी द्वारा की जाएंगी। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश सैनी ने कहा, बहुत से परिवार विदेश घूमना चाहते हैं, लेकिन योजना और खर्च की उलझन में रुक जाते हैं। इस पैकेज में हमने पूरी यात्रा की जिम्मेदारी अपने हाथ में ली है। पर्यटकों को बस अपना पासपोर्ट तैयार रखना है।

थाईलैंड: जयपुर से सीधी उड़ान, रु.66 हजार से शुरू

थाईलैंड पैकेज एक्ज़ॉटिक थाईलैंड एक्स जयपुर' 17 से 22 नवंबर तक चलेगा। इसमें यात्रियों को दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी। 17 नवंबर की रात जयपुर से एयर एशिया की सीधी उड़ान बैंकॉक के लिए रवाना होगी। पटाया में पहली ही शाम दुनिया भर में मशहूर अल्काज़ार शो दिखाया जाएगा। अगले दिन स्पीड बोट से थाईलैंड की खाड़ी के नीले पानी को पार करते हुए कोरल आइलैंड की सैर होगी। बैंकॉक में पर्यटक रिक्लाइनिंग बुद्धा और गोल्डन बुद्धा मंदिर देखेंगे। रात को चाओ फ्राया नदी पर जगमगाते क्रूज़ में डिनर का आनंद लिया जाएगा।बच्चों और परिवारों के लिए सफारी वर्ल्ड और मरीन पार्क का पूरा दिन रखा गया है। यात्रा के आखिरी दिन पर्यटकों को खरीदारी के लिए खाली समय भी मिलेगा।

शाकाहारी और भारतीय भोजन पसंद करने वाले यात्रियों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। तीनों समय का भोजन पैकेज में शामिल है और ज्यादातर भोजन भारतीय रेस्टोरेंट में कराया जाएगा। बैंकॉक और पटाया में दो-दो रात 3/4-स्टार होटल में ठहरने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा एसी बसें, प्रवेश शुल्क, गाइड, बीमा और कर भी पैकेज में शामिल हैं।

एक्ज़ॉटिक थाईलैंड एक्स जयपुर

- यात्रा: 17-22 नवंबर 2026 (5 रात/6 दिन), जयपुर से सीधी उड़ान
- किराया (प्रति व्यक्ति):
- डबल/ट्रिपल शेयरिंग - रु.66,375
- सिंगल - रु.74,005
- बच्चे:
- बेड सहित - रु.63,320
- बिना बेड - रु.55,815
- 2-4 वर्ष - रु.36,600
- सीटें: 25
- बुकिंग की अंतिम तिथि: 15 अक्टूबर 2026

जल्दी करें, सीटें सीमित

श्री सैनी ने बताया कि पैकेज में सीटें सीमित हैं और बुकिंग 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगी। यात्रियों का पासपोर्ट भारत लौटने की तिथि से कम से कम छह माह तक वैध होना जरूरी है। बुकिंग 222.द्वह्म्ह्ल-ह्लश्वह्वहद्बह्यद्र.ष्श्वद्र पर या आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर में की जा सकती है।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों की मांग-मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाया जाएं और उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज हो

कांग्रेस का 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह एवं वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान' के तहत

शहर और कांग्रेस के साथ इण्डिया गठबंधन ने की संयुक्त प्रेस वार्ता

बीकानेर (खबर आस पास)। कांग्रेस द्वारा 8 अक्टूबर तक चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ सप्ताह एवं वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत बीकानेर में शहर और देहात कांग्रेस की ओर से मंगलवार को की गई संयुक्त प्रेस वार्ता में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी करने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार बीकानेर जिले में अभियान को व्यापक रूप दिया जाएगा। इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ समन्वय कर संयुक्त बैठकें, प्रेस वार्ताएं, जनजागरण कार्यक्रम एवं 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च आयोजित किए जाएंगे। साथ ही ब्लॉक स्तर तक कार्यकर्ताओं और सहयोगी दलों के साथ बैठकें कर आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार की जाएगी।



शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि वोट देश के प्रत्येक नागरिक की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक ताकत है। हर नागरिक के वोट का मूल्य समान है। इसलिए किसी भी स्तर पर मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया या चुनावी व्यवस्था में गड़बड़ी की आशंका लोकतंत्र पर सीधा हमला है। हमारा वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान इसी लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा की लड़ाई है। भारतीय जनता पार्टी भारतीय निर्वाचन आयोग सहित देश की संवैधानिक संस्थाओं का लगातार दुरूपयोग कर रही हैं। कांग्रेस पार्टी व इण्डिया गठबंधन दलों द्वारा लगातार इसका विरोध किया जा रहा हैं, विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई, सीआईडी, आईडी, इन्कम टैक्स, पुलिस इत्यादि का दुरूपयोग करते हुए इन विभागों से विपक्षी नेताओं के घर छापेमारी करवाने का कार्य कर रही हैं। सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन लोकतंत्र और संविधान देश की स्थायी ताकत हैं। कांग्रेस पार्टी इनके साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल लोकतंत्र की निष्पक्षता और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता का है। चुनाव लोकतंत्र की नींव हैं और यदि चुनाव कराने वाली संस्था की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़े हों, तो यह पूरे लोकतांत्रिक तंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर लोकतंत्र और संविधान के साथ समझौता स्वीकार नहीं करेगी। ज्ञानेश कुमार भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा था। हमारी स्पष्ट मांग है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाया जाए तथा उनके विरुद्ध लगाए जा रहे आरोपों की निष्पक्ष जांच हो। बीकानेर जिले में लोकतंत्र बचाओ सप्ताह और वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान को व्यापक जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और ब्लॉक स्तर तक पहुंचकर जनता को जागरूक करेंगे तथा इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ मिलकर संयुक्त कार्यक्रम और मार्च आयोजित किए जाएंगे।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव बजरंग छींपा ने कहा कि मतदाता सूची में पारदर्शिता और शुद्धता लोकतंत्र की पहली शर्त है। यदि किसी योग्य मतदाता का नाम बिना उचित प्रक्रिया के मतदाता सूची से हटाया जाता है और दूसरी ओर संदिग्ध तरीके से नाम जोड़े जाते हैं तो यह सीधे तौर पर मतदाता के संवैधानिक अधिकारों को प्रभावित करता है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने हमेशा निष्पक्ष मतदाता सूची और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग की है। हमारी मांग है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार जो कि भाजपा का एजेंट हैं, उसको पद से तुरन्त हटाया जाए तथा उनके विरुद्ध लगाए जा रहे आरोपों की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया के जिला सचिव अविनाश व्यास ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण संवैधानिक स्तंभ है। आयोग की निष्पक्षता पर जनता का भरोसा कायम रहना बेहद जरूरी है। जब विपक्ष और आम मतदाता चुनावी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाते हैं, तो सरकार और निर्वाचन आयोग को उन सवालों का जवाब देना चाहिए न कि सवाल उठाने वालों की आवाज दबाने का प्रयास करना चाहिए। जिला महासिचव (संगठन) प्रहलादसिंह मार्शल ने बताया कि प्रेस वार्ता में प्रकोष्ठ अध्यक्ष आम्बाराम ईणखिया, करणीसिंह राजपुरोहित, माकपा के रमेश मितड़ भी मौजूद रहें।